29 अगस्त 2022

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- अमेरिकी सकल घरेलू आय दूसरी तिमाही में 1.4% की दर से बढ़ी है।
- इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप के अनुसार, वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तांबे के बाजार में मई में 30,000 टन की कमी की तुलना में जून में 66,000 टन की कमी देखी गई।
- भारत वित्त वर्ष 2023 में लगभग 750 बिलियन डॉलर के माल और सेवाओं का निर्यात कर सकता है, जो पिछले वित्त वर्ष के रिकॉर्ड 676 बिलियन डॉलर से 11% अधिक है।
- ब्लूमबर्ग न्यूज के अनुसार एल्युमीनियम उत्पादक स्पीरा जीएमबीएच अपने जर्मन स्मेल्टर में ऊर्जा की बढ़ती लागत के कारण उत्पादन को कुल क्षमता के 50% तक कम करने पर विचार कर रहा है।
- वित्त वर्ष 2023 की जून तिमाही में भारत ने अमेरिका से अपने कच्चे तेल के आयात में लगभग एक मिलियन मीट्रिक टन (एमटी) की कमी की। वहीं, भारत के कच्चे तेल के बास्केट में रूसी तेल की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022 के 2.2% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में 12.9% हो गई।
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने निर्यात प्रतिबंधों से गेहूं या मेसलिन के आटे को छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।
- केंद्र सरकार द्वारा दिए गए पांच साल के गारंटीशुदा मुआवजे के आखिरी महीने जून 2022 में जीएसटी (माल और सेवा कर) मुआवजे के रूप में केंद्र जल्द ही राज्यों को लगभग 30,000 करोड़ रुपये जारी कर सकता है।
- 2022-23 सीजन में इथेनॉल के लिए अधिक गन्ने के इस्तेमाल के कारण भारत से चीनी निर्यात लगभग 28.57% घटकर लगभग 8 मिलियन टन होने की संभावना है।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.08.22	25.08.22	बदलाव (%)
कपास न्यू	2,235.50	2,306.00	3.15%
जीरा	24,910.00	25,450.00	2.17%
कॉटन 29 एमएम	46,030.00	46,680.00	1.41%
गुड़	1,303.00	1,304.00	0.08%
बाजरा	2,216.00	2,217.00	0.05%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.08.22	25.08.22	बदलाव (%)
कच्चा तेल	7239.00	7470.00	3.19%
सोना गिनी	41077.00	41669.00	1.44%
जिंक	315.05	317.40	0.75%
सोना पेटल	5111.00	5134.00	0.45%
सोना	51479.00	51702.00	0.43%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.08.22	25.08.22	बदलाव (%)
स्टील लांग	52,810.00	50,190.00	-4.96%
ग्वारसीड	4,730.00	4,554.00	-3.72%
ग्वारगम 5 एमटी	8,818.00	8,539.00	-3.16%
धनिया	11,618.00	11,260.00	-3.08%
ग्वारेक्स	5,966.00	5,813.00	-2.56%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.08.22	25.08.22	बदलाव (%)
निकल	1887.00	1825.10	-3.28%
कॉटन	50240.00	49020.00	-2.43%
चांदी एमआईसी	56265.00	55782.00	-0.86%
चांदी एम	56275.00	55794.00	-0.85%
मेंथा ऑयल	969.80	963.80	-0.62%

साप्ताहिक समीक्षा

लगातार तीसरे हफ्ते कमोडिटीज में मामूली बढ़त के कारण सीआरबी इंडेक्स लगभग 320 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। डॉलर इंडेक्स 109.27 के रेजिस्टेंस के करीब नहीं पहुंच सका। लेकिन साप्ताहिक स्तर पर बढ़त के साथ बंद हुआ। एनर्जी कॉम्प्लेक्स में तेजी का कारोबार हुआ। तेल की कीमतों में अधिक वृद्धि हुई क्योंकि कारोबारियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों को उठाए जाने की संभावना को लेकर अधिक विवरण की प्रतीक्षा की, जबकि कच्चे तेल के भंडार में गिरावट से भी सेंटीमेंट को मदद मिली । परमाणु सौदे के जवाब में सऊदी अरब द्वारा आपूर्ति में कटौती की धमकी से भी कीमतों को मदद मिली, जिससे उन्हें छह महीने के निचले स्तर से उबरने में मदद मिली। अमेरिकी कच्चे तेल का भंडार 19 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 3.3 मिलियन बैरल कम हो गया, जो 0.9 मिलियन बैरल की गिरावट की उम्मीद से अधिक है। यह गिरावट काफी हद तक अमेरिकी कच्चे तेल के रिकॉर्ड अधिक निर्यात के कारण हुई, जिससे पता चलता है कि कच्चे तेल की विदेशी मांग मजबूत बनी हुई है। 2008 के बाद पहली बार अमेरिकी नेचुरल गैस की कीमतें 10 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से अधिक हो गई है, जो हीटिंग और पावर-प्लांट ईंधन के वैश्विक भंडार सर्दियों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होने की लगातार चिंता से हुई है। असामान्य रूप से तेज गर्मी के बाद यूरोपीय गैस की आपूर्ति एक चिंता का विषय है, जिससे इस क्षेत्र को गैस की कमी को कम करने के लिए अमेरिका सहित निर्यातकों के कार्गो पर अधिक निर्भर होना पड़ा है। एमसीएक्स पर गैस की कीमतें 801 के उच्च स्तर पर पहुंच गई है जबकि यूरोप में निर्यात को बढ़ावा देने की योजना के बीच 2022 की पहली छमाही में इजरायल का नेचुरल गैस उत्पादन बढ़ गया क्योंकि यह एक बिगड़ते ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। जून तक वर्ष में उत्पादन 22% बढ़कर 10.85 बिलियन क्यूबिक मीटर हो गया। सर्राफा की कीमतों में मामूली तेजी दर्ज की गई। कमजोर आर्थिक आंकड़ों के कारण डॉलर के थोड़ा पीछे हटने से सोने की कीमतों में हाल ही में बढ़त बनी रही। अब फोकस ब्याज दरों के रास्ते पर फेडरल रिजर्व से कमेंट्री की ओर है। चांदी की कीमतें भी सोने के नक्शेकदम पर चली। जबकि डॉलर में गिरावट से तांबें की कीमतों में कुछ राहत मिली। सिचुआन प्रांत में एक गंभीर सूखे और बिजली की कमी ने कई प्रमुख कारखानों को बंद करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे इस साल कोविड के कारण धीमेपन के बाद चीनी सरकार द्वारा आर्थिक विकास का समर्थन करने के व्यापक प्रयासों को बढ़ावा दिया गया है। ब्लूमबर्ग न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एल्युमीनियम निर्माता स्पीरा जीएमबीएच अपने जर्मन स्मेल्टर में उत्पादन को कुल क्षमता के 50% तक कम करने पर विचार कर रहा है।

कृषि कमोडिटीज में, ग्वारसीड का रकबा बढ़ने की खबरों के बीच कमजोर खरीददारी से ग्वार काउंटर पर दबाव रहा। 18 अगस्त तक ग्वार के तहत कुल क्षेत्रफल 30.6 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो पिछले वर्ष के 20.1 लाख हेक्टेयर की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 52% अधिक है। भारत के मध्य भाग विशेषकर गुजरात में बेहतर फसल की स्थिति के कारण कॉटन(अक्टूबर) की कीमतों में गिरावट हुई। कताई मिलों की ओर से कमजोर मांग और आगामी सीजन के लिए बेहतर उत्पादन परिदृश्य से बाजार का सेंटीमेंट प्रभावित हुआ है। आपूर्ति की कमी और सक्रिय त्योहारी मांग को लेकर जीरा की कीमतों में तेजी बनी रहने में मदद मिली।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	18.08.22	25.08.22	(%)
जौ	जयपुर	3,000.00	3,052.90	1.76
चना	दिल्ली	4,992.75	4,708.10	-5.70
धनिया	कोटा	11,995.30	11,520.20	-3.96
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,080.40	1,018.50	-5.73
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,295.50	1,298.55	0.24
ग्वारसीड	जोधपुर	4,788.20	4,450.00	-7.06
ग्वारगम	जोधपुर	8,830.90	9,000.00	1.91
जीरा	ऊंझा	24,645.50	24,961.70	1.28
सरसों	जयपुर	6,902.85	6,845.95	-0.82
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,250.00	1,265.00	1.20
सोयाबीन	इंदौर	6,164.15	5,622.35	-8.79
हल्दी	निजामाबाद	7,509.45	7,476.15	-0.44
गेहूं	दिल्ली	2,526.85	2,513.55	-0.53
कॉटन	कड़ी	46,372.35	46,372.35	0.00
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,900.80	2,878.00	-0.79

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	19.08.22	25.08.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,386.00	2,433.50	1.99
तांबा	LME	नकद	8,078.50	8,129.00	0.63
लेड	LME	नकद	2,042.00	1,976.00	-3.23
निकल	LME	नकद	22,258.00	21,677.00	-2.61
जिंक	LME	नकद	3,487.50	3,548.00	1.73
सोना	COMEX	अक्टूबर	1,748.40	1,757.80	0.54
चांदी	COMEX	सितम्बर	19.07	19.12	0.26
लाइट क्रूड	NYMEX	सितम्बर	90.77	92.52	1.93
नेचुरल गैस	NYMEX	सितम्बर	9.340	9.380	0.43

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	19.08.22	25.08.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	नवम्बर	14.04	14.31	1.92
सोया तेल	CBOT	दिसम्बर	65.70	65.91	0.32
कॉटन	ICE	दिसम्बर	116.01	114.11	-1.64
सीपीओ	BMD	नवम्बर	4,093.00	4,258.00	4.03

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	18.08.22 क्वांटिटी	25.08.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	0	0	0
कैस्टर सीड	मी.टन	20	0	-20
चना	मी.टन	28,317	24,388	-3929
धनिया	मी.टन	9,521	9,058	-463
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	18,891	12,088	-6803
ग्वारगम	मी.टन	12,554	12,330	-224
ग्वारसीड	मी.टन	18,267	18,027	-240
जीरा	मी.टन	4,473	3,788	-685
मक्का	मी.टन	0	0	0
सोयाबीन	मी.टन	139	139	0
हल्दी	मी.टन	3,503	3,562	59

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	18.08.22 क्वांटिटी	18.08.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	3,276.96	3,942.17	665
तांबा	मी.टन	4,026,870.00	4,354,674.00	327804
सोना	किग्रा	349.00	349.00	0
सोना मिनी	किग्रा	13,888.00	13,888.00	0
सोना गिनी	किग्रा	61,800.00	53,800.00	-8000
लेड	किग्रा	651.05	586.40	-65
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	154,820.40	150,132.99	-4687
चांदी एम	किग्रा	24,672.58	24,672.58	0
जिंक	मी.टन	1,228.38	24,672.00	23444

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 31.12.21	स्टॉक की स्थिति 06.01.22	अंतर
एल्युमीनियम	943,500	986,200	42,700
तांबा	89,375	86,950	-2,425
निकल	103,020	101,136	-1,884
लेड	54,550	54,375	-175
जिंक	199,750	197,925	-1,825

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	सितम्बर	25450.00	11.05.22	तेजी	21200.00	24550.00	-	24500.00
NCDEX	हल्दी	सितम्बर	7230.00	07.08.22	मंदी	7464.00	-	7470.00	7500.00
NCDEX	ग्वारसीड	सितम्बर	4554.00	30.05.22	मंदी	6000.00	-	4870.00	4900.00
NCDEX	कैस्टरसीड	सितम्बर	7412.00	14.07.22	तेजी	7270.00	7230.00	-	7200.00
NCDEX	**स्टील लांग**	**सितम्बर**	**50190.00**	**25.08.2022**	**मंदी**	**50200.00**	**-**	**50900.00**	**51000.00**
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	सितम्बर	2707.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	2870.00	2900.00
MCX	**कॉटन**	**अक्टूबर**	**38850.00**	**24.08.22**	**मंदी**	**39200.00**	**-**	**40150.00**	**40200.00**
MCX	मेंथा ऑयल	सितम्बर	963.80	23.05.22	मंदी	1080.00	-	995.00	1000.00
MCX	बुलडेक्स	सितम्बर	14176.00	17.08.22	मंदी	14300.00	-	14470.00	14500.00
MCX	चांदी	सितम्बर	55389.00	17.08.22	मंदी	57500.00	-	57300.00	57500.00
MCX	सोना	अक्टूबर	51702.00	17.08.22	मंदी	51900.00	-	52400.00	52500.00
MCX	मेटलडेक्स	सितम्बर	17265.00	23.06.22	साइडवेज	1796.30	16800.00	17700.00	-
MCX	तांबा	सितम्बर	679.20	27.07.22	तेजी	770.00	652.00	-	650.00
MCX	लेड	सितम्बर	180.60	08.08.22	तेजी	181.00	175.00	-	174.00
MCX	जिंक	सितम्बर	318.20	27.07.22	तेजी	275.00	295.00	-	290.00
MCX	एल्युमिनियम	सितम्बर	212.85	27.07.22	तेजी	208.00	202.00	-	200.00
MCX	कच्चा तेल	सितम्बर	7470.00	23.06.22	मंदी	8222.00	-	7770.00	7800.00
MCX	नेचुरल गैस	सितम्बर	745.50	15.07.22	तेजी	520.00	725.00	-	720.00

*25/08/2022 का बंद भाव

नोट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी। उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए, जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

कच्चा तेल (सितम्बर) एमसीएक्स

कच्चा तेल (सितम्बर) एमसीएक्स **उच्च स्तर: 7800** **निचला स्तर: 6838**

एमसीएक्स में कच्चा तेल (सितम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 25 अगस्त 2022 को 7470.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेन्सियल मूविंग औसत 7360.27 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 51.985 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

7140.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 7800.00 रू के टारगेट के लिए 7360.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

स्टील लांग (सितम्बर) एनसीडीईएक्स

स्टील लांग (सितम्बर) एनसीडीईएक्स **उच्च स्तर: 53630** **निचला स्तर: 49850**

एनसीडीईएक्स में स्टील लांग (सितम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 25 अगस्त 2022 को 50190.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेन्सियल मूविंग औसत 51943.40 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 37.841 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

51000.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 49500.00 रू के टारगेट के लिए 50500.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

एल्युमीनियम(सितम्बर) एमसीएक्स

एल्युमीनियम(सितम्बर) एमसीएक्स **उच्च स्तर: 220.55** **निचला स्तर: 207.95**

एमसीएक्स में एल्युमीनियम (सितम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 25 अगस्त 2022 को 212.85 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेन्सियल मूविंग औसत 212.60 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 49.28 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

208.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 223.00 रू के टारगेट के लिए 213.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

बाजार पर्याप्त स्टॉक के कारण हल्दी (सितम्बर) की कीमतों में पिछले सप्ताह नरमी के रूझान के साथ कारोबार हुआ। त्योहारी खरीदारी में सुधार होने पर 7000 के स्तर के पास सपोर्ट मिलने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी होनी शुरू हो गई है और कीमतें 7770 तक बढ़ सकती है जबकि यह निकट अवधि में रेजिस्टेंस हो सकता है। पूरे भारत में बुवाई की गतिविधियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और फसल की स्थिति में पहले की तुलना में सुधार हुआ है। महाराष्ट्र में शुष्क मौसम की स्थिति के आईएमडी के पूर्वानुमान और आने वाले सप्ताह में तेलंगाना में बहुत आवश्यक वर्षा के मद्देनजर मौसम की स्थिति के फसल की प्रगति के अनुकूल होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश कृषि विभाग के अनुसार, 24 अगस्त तक राज्य में हल्दी की बुवाई की पिछले वर्ष की समान अवधि के 12,000 हेक्टेयर की तुलना में लगभग 14,000 हेक्टेयर में हुई है।

बाजार में आपूर्ति की चिंताओं के कारण जीरा (सितंबर) वायदा की कीमतें पिछले साप्ताहिक बंद भाव 24910 से 2% बढ़ी है। घरेलू बाजार में आवक कम होने और यूक्रेन संकट के कारण वैश्विक आपूर्ति बाधित होने से जीरा की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। वर्ष 2021-22 में जीरा का उत्पादन साल-दर-साल 9% घटकर 7.25 लाख टन रहने का अनुमान है, जिससे पूरे भारत में जीरे का स्टॉक कम रहा। भविष्य में, किसी प्रकार की मुनाफावसूली देखी जा सकती है क्योंकि उच्च स्तर पर स्टॉकिएस्टों द्वारा स्टॉक जारी करने के बीच मांग में कमी हो सकती है। सीमित उपलब्धता के कारण निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 42% घटकर 84 हजार टन हो गया है, जबकि अधिक वैश्विक कीमतों के कारण आयात भी धीमा हो गया है। तुर्की में कटाई गतिविधियों के शुरू होने से वैश्विक आपूर्ति में सुधार होगा, जिसमें अधिकांश फसल पहले ही सीरिया के बाजार में आ चुकी है। वैश्विक आपूर्ति के विस्तार के साथ भारतीय जीरा की कीमतों में कुछ सुधार देखने को मिल सकता है। लेकिन यह गिरावट सीमित होगी क्योंकि आपूर्ति की कमी की चिंता तब तक बरकरार रहेगी जब तक कि फरवरी-मार्च 2023 में नई फसल बाजार में नहीं आती। जीरा की कीमतें 26400 के रेजिस्टेंस का सामना कर सकती हैं, और सपोर्ट 25150 के करीब देखा जा सकता है।

मुख्य रूप से बिकवाली के बढ़ते दबाव के कारण पिछले सप्ताह के दौरान धनिया (सितंबर) वायदा कीमतों में गिरावट के साथ कारोबार हुआ। मौजूदा स्तर पर स्थानीय व्यापारियों और मिल मालिकों की ओर से कमजोर खरीददारी से वायदा वाजार में मुनाफावसूली हुई। कम उत्पादन के कारण धनिया की कीमतें वर्ष 2022 में 13298 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई और अब 10700-12500 के दायरे में स्थिर हो रही है। स्टॉकिएस्ट कीमतों में अधिक गिरावट के डर से अपने स्टॉक को बेच रहे हैं क्योंकि घरेलू मांग इस स्तर पर सीमित है। काला सागर से व्यापार शुरू होने से आयात बढ़ने की उम्मीद से निकट भविष्य में कीमतों पर दबाव पड़ेगा। लेकिन कम वार्षिक उत्पादन के चलते धनिया में नुकसान सीमित रहेगा।

अन्य कमोडिटीज

भारत के मध्य भाग विशेषकर गुजरात में फसल की बेहतर स्थिति के कारण कॉटन (अक्टूबर) वायदा की कीमतों पर दबाव बना रहा। पिछले सप्ताह कीमतें 43690 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद, मांग की चिंताओं के कारण पिछले एक सप्ताह में कीमतों में 10% से अधिक की गिरावट हुई है। अधिक कीमतों के कारण मिलों द्वारा आवश्कतानुसार खरीदारी की जा रही हैं। आगामी सीजन में फसल की स्थिति में सुधार से बेहतर उत्पादन परिदृश्य को देखते हुए निकट भविष्य में कीमतों में गिरावट होने की संभावना है। लेकिन पंजाब और हरियाणा में कीटों के हमले के कारण फसल के नुकसान की मौजूदा चिंताओं के साथ-साथ महाराष्ट्र में अत्यधिक वर्षा के कारण फसल के नुकसान की रिपोर्ट से कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है और गिरावट सीमित रह सकती है। कीमतों में 37500-37000 तक गिरावट होने की उम्मीद है।

मुख्य रूप से सटोरियों की खरीददारी के कारण पिछले सप्ताह के दौरान कॉटनसीडऑयलकेक सितंबर वायदा की कीमतों में मिला-जुला रुख रहा। पंजाब और हरियाणा में कीटों के हमले के कारण कपास की उपज में कमी के डर से कीमतों को मदद मिली क्योंकि ये दोनों राज्य कॉटनसीडऑयलकेक के प्रमुख उपभोक्ता केंद्र हैं। बाजार में कॉटनसीडऑयलकेक की उचित गुणवत्ता की सीमित उपलब्धता से भी कीमतों में तेजी दर्ज की गई । कपास के फसल की बेहतर स्थिति के कारण कीमतों में बढ़त सीमित रहने की संभावना है। कीमतों को 2830 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है जबकि 2550 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है। बिकवाली के बढ़ते दबाव से मेंथा तेल (सितंबर) वायदा कीमतों में गिरावट जारी रही। प्रचुर मात्रा में स्टॉक और सीमित औद्योगिक खरीदारी के कारण आने वाले हफ्तों में कीमतों में गिरावट जारी रह सकती है। कीमतों को 930-950 के करीब सपोर्ट मिल सकता है ।

आगामी सीजन के लिए बेहतर उत्पादन अनुमान के कारण एनसीडीईएक्स पर ग्वारसीड वायदा (सितंबर) की कीमतों में गिरावट जारी रही और 3% की साप्ताहिक गिरावट हुई। ग्वारसीड के रकबे में बढ़ोतरी की खबरों के बीच कमजोर खरीददारी से कीमतों में गिरावट जारी रहने की संभावना है। 24 अगस्त तक ग्वार के तहत कुल क्षेत्रफल 30.7 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो पिछले वर्ष के 20.4 लाख हेक्टेयर की तुलना में 50% वर्ष-दर-वर्ष अधिक है। ग्वारसीड की कीमतों को 4450 के स्तर पर समर्थन मिलने की संभावना है।

वर्ष 2022-23 में अरंडी के बढ़ते उत्पादन क्षेत्र के कारण अरंडीसीड वायदा (सितंबर) की कीमतों में नरमी के साथ कारोबार हुआ। घरेलू बाजार में आपूर्ति की कमी के कारण कीमतों में तेजी से गिरावट की संभावना है। 22 अगस्त को गुजरात में अरंडी का उत्पादन क्षेत्र वर्ष-दर-वर्ष 23% बढ़कर 4.66 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। कीमतों को 7600 के पास मजबूत रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है, और 7260 के नजदीक सपोर्ट होगा। तेल की सीमित निर्यात मांग और गुजरात एवं राजस्थान में अरंडी के बढ़े हुए उत्पादन क्षेत्र के कारण बढ़त सीमित रह सकती है।

सर्राफा

डॉलर इंडेक्स की बढ़त में ठहराव से बुलियन की कीमतों में तेजी दर्ज की गई जबकि निवेशकों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में बढ़ोतरी के निर्देश का इंतजार है। वित्तीय बाजारों में निवेशक अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने या ब्याज दरों में वृद्धि को कम करने के लिए संकेत देने के लिए तैयार हैं। डॉलर इंडेक्स एक महीने के उच्च स्तर के करीब रहा, जबकि बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में मजबूती दर्ज की गई। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में शुरू के अनुमान की तुलना में अधिक मध्यम गति से गिरावट हुई और इस आशंका को दूर किया कि मंदी आ सकती है जिससे सोने में सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी बढ़ी । कारोबारी जैक्सन होल संगोष्ठी से पहले सोने में किसी भी आक्रामक पोजिशन को लेने के लिए अनिच्छुक थे क्योंकि यह इस बात का संकेत देगा कि आर्थिक मंदी के मामले में रणनीति में संभावित बदलाव के लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक कितनी आक्रामक रूप से मौद्रिक नीति को सख्त करना जारी रखेगा । फेड अधिकारियों ने कहा है वे ब्याज दर में वृद्धि के आकार को लेकर प्रतिबद्ध नही हैं, लेकिन इस प्रयास को जारी रखा कि वे दरों को बढ़ाएंगे और मुद्रास्फीति को समाप्त करने तक दरों को उच्च स्तर पर बरकरार रखेगे। हांगकांग के रास्ते से चीन का सोने का शुद्ध आयात जुलाई में नौ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि बीजिंग कोविड मामलों के पुनरुत्थान से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। आने वाले सप्ताह में कोमेक्स में सोने की कीमतें 1720-1780 डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि एमसीएक्स में कीमतों में 50900 के स्तर पर सपोर्ट के साथ बढ़ोतरी जारी रह सकती है और कीमतों को 52400 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। चांदी की कीमतें भी सोने के रूझान पर बढ़त दर्ज कर सकती है और कीमतों को 54500 के पास मजबूत सपोर्ट है और कीमतें 57000 तक बढ़ सकती है।

एनर्जी कॉम्प्लेक्स

सऊदी अरब द्वारा ईरानी कच्चे तेल की बाजार में वापसी और अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में गिरावट की संभावना के कारण कीमतों का समर्थन करने के लिए ओपेक+ उत्पादन में कटौती के विचार के बाद कच्चे तेल की कीमतें 6921 के निचले स्तर से 10% से अधिक उछल गई। सऊदी ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ओपेक+ के पास उत्पादन में कटौती सहित चुनौतियों से निपटने के साधन हैं। ब्रेंट कच्चा तेल 2 अगस्त के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 11 अगस्त के बाद से अपने सबसे सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया । ईरान से कच्चे तेल की आपूर्ति और मंदी का डर फिर से शुरू होने की संभावना, साथ ही अमेरिकी कच्चे तेल भंडारण केंद्र में लगातार बढ़ोतरी, गैसोलीन की मांग का कम होना, और आगामी सीजन में रिफाइनरियों के रखरखाव ने हाल के हफ्तों में कीमतों को कम कर दिया है । कम आपूर्ति को रेखांकित करते हुए, अमेरिकी भंडार की नवीनतम साप्ताहिक रिपोर्ट में कच्चे तेल के स्टॉक में गिरावट होने की उम्मीद है। एशिया प्रशांत, यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी के आंकड़ों से पता चलता है कि 24 अगस्त को समाप्त सप्ताह में सभी क्षेत्रों में यातायात के स्तर में अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे मांग की उम्मीदों में तेजी आई है। कच्चे तेल की कीमतों की तेजी को अमेरिकी डॉलर में गिरावट और इक्विटी बाजार में बढ़त का भी समर्थन प्राप्त है क्योंकि अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के चीन के निरंतर प्रयासों और यूएस-चीन वार्ता में प्रगति के बीच जोखिम के सेंटीमेंट में कमी आई है। यूरोप में बिजली की कीमतों में लगातार वृद्धि से भी कच्चे तेल को समर्थन मिला है जिससे ईंधन स्विचिंग में वृद्धि हो सकती है। इस सप्ताह में कच्चे तेल में उच्च स्तर पर कारोबार जारी रह सकता है जहां इसे 7250 के पास सपोर्ट मिल सकता है और संभवत: 7900 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। नेचुरल गैस की कीमतों में पिछले 3 हफ्तों से ओपेन इंटरेस्ट और वॉल्यूम में कमी के बीच लगातार खरीदारी देखी गई और यह पता चलता है कि अतिरिक्त उछाल की संभावना नहीं है। इस सप्ताह में कीमतों में तेजी आ सकती है और 700-800 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

बेस मेटल

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है क्योंकि शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में नए प्रोत्साहन उपायों की बढ़ती उम्मीदों से मांग को बढ़ावा मिल सकता है, जबकि यूरोप से अनुमान से बेहतर आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को समर्थन मिल सकता है। चीन ने कोविड से प्रभावित अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए मई से संचालित मौजूदा उपायों के साथ 19 नई नीतियों को जोड़ेगा, जिसमें वित्तपोषण के लिए कोटा 300 बिलियन युआन (43.69 बिलियन डॉलर) बढ़ाना शामिल है। आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू और सरकारी खर्च में बढ़ोतरी के कारण जर्मन अर्थव्यवस्था दूसरी तिमाही में बढ़ी है जो विश्लेषकों के अनुमान, जिसमें गिरावट का अनुमान था, से अधिक है। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में शुरू के अनुमान की तुलना में अधिक मध्यम गति से गिरावट हुई और इस आशंका को दूर किया कि मंदी आ सकती है। तांबे की कीमतें 655-710 के दायरे में कारोबार कर सकती है। दुनिया के नंबर 2 तांबा उत्पादक पेरू के अर्थव्यवस्था मंत्रालय के पूर्वानुमान के अनुसार 2023 में धातु की कीमत इस साल के औसत 3.90 डॉलर से गिरकर 3.40 डॉलर प्रति पाउंड हो जाएगी। एएनजेड ने एक नोट में कहा कि चीन में ऊर्जा की कमी पावर ग्रिड में अधिक निवेश की आवश्यकता को उजागर करती है, जिससे तांबे और एल्यूमीनियम की मांग में तेजी दर्ज की गई है। एल्युमीनियम की कीमतें तेजी के रुख के साथ 205-222 के दायरे में कारोबार कर सकती है। कई देशों में स्मेल्टर बंद होने से आपूर्ति कम हो गई, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि कीमतों में तेजी से वृद्धि की संभावना नहीं है क्योंकि धीमी आर्थिक वृद्धि से मांग में भी कमी आएगी। सिटी ने कहा कि यूरोप में करीब 10 लाख टन एल्युमीनियम क्षमता को बंद कर दिया गया है। जिंक की कीमतें 310-332 के दायरे में कारोबार कर सकती है। लेड की कीमतें 174-186 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एनसीडीईएक्स पर स्टील लॉन्ग की कीमतें मंदी के रुझान के साथ 49500-50600 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

इस्पात (स्टील)..."सतत विकास के लिए विश्व की आवश्यकता"

इस्पात उद्योग को अक्सर किसी भी देश के विकास के आर्थिक संकेतक के रूप में माना जाता है क्योंकि इसकी बुनियादी ढांचागत और समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में लगभग 60% स्टील उत्पादन मुख्य रूप से टीएमटी, बार्स, वायर रॉड, और चैनल आदि जैसे विभिन्न रूपों के साथ निर्माण गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाने वाले लंबे उत्पादों के लिए होता है। उत्पादित स्टील के शेष 40% फ्लैट उत्पादों का उपयोग इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग उद्देश्य के लिए किया जाता है। सभी तरह के सेंगमेंट में स्टील के अनुप्रयोग में भारी उछाल देखने को मिलेगा, और इसके अलावा उपयोग के नए क्षेत्रों जैसे कि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का एकीकरण और ड्रोन तकनीक से स्टील कारोबारियों को पर्याप्त अवसर मिलेगा।

भारतीय परिदृश्य

- इस्पात मंत्रालय के अनुसार, भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक, ने बढ़ती मांग के कारण 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान 120 मिलियन टन (एमटी) कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है।
- भारत में इस्पात की खपत 2013-14 में 57.8 किलोग्राम प्रति व्यक्ति से बढ़कर वर्तमान में 78 किलोग्राम प्रति व्यक्ति हो गई है, जबकि वैश्विक औसत 225 किलोग्राम प्रति व्यक्ति है। नीति में 2030 तक घरेलू प्रति व्यक्ति स्टील खपत को 160 किलोग्राम के स्तर तक बढ़ाने का भी प्रयास किया गया है।
- निर्माण गतिविधियों में वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2022 में इस्पात की खपत 17% बढ़कर 110 हजार टन होने का अनुमान है।
- सरकार का इरादा 2030 तक 30 करोड़ टन (एमटी) इस्पात उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का है।
- इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अनुसार उद्योग अगले आठ वर्षों में कार्बन उत्सर्जन को 30-40% तक कम करने का लक्ष्य रखता है और कच्चे माल के रूप में स्टील स्क्रैप का उपयोग करके स्टील बनाने के वैकल्पिक रूपों को आगे बढ़ा रहा है।

विश्व परिदृश्य



- विश्व इस्पात संघ के आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे इस्पात का उत्पादन 2021 में 3.7% बढ़कर 1950.5 मिलियन टन हो गया है। 2020 में कच्चे इस्पात का वैश्विक उत्पादन 1880.4 मिलियन टन से अधिक हुआ था।
- विश्व इस्पात संघ को रिपोर्ट करने वाले 64 देशों में इस्पात उत्पादन के आधार पर विश्व स्तर पर कच्चे इस्पात का उत्पादन 6.5% (वर्ष दर वर्ष) घटकर 149.3 मिलियन टन रह गया है जिसका मुख्य कारण चीन और भारतीय इस्पात उत्पादन में गिरावट है।
- विश्व के प्रमुख इस्पात उत्पादक चीन ने जुलाई 2022 में 81.4 मिलियन टन इस्पात का उत्पादन किया, जो जुलाई 2021 की तुलना में 6.4% कम है। भारत, दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक, ने 3.2% की वृद्धि के साथ 10.1 मिलियन टन इस्पात उत्पादन किया। जापान, तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक, 8.5% की गिरावट के साथ 7.3 मिलियन टन का उत्पादन किया।
- 2021 में वैश्विक इस्पात बाजार का मूल्य 874.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2021-2027 के दौरान 3.13% की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है।

आउटलुक

वर्तमान में, घरेलू और निर्यात बाजारों में कम मांग के कारण स्टील की कीमतें नरमी के रुझान के साथ कारोबार कर रही हैं। मई में 15 फीसदी शुल्क लगाए जाने के बाद से स्टील के निर्यात पर बुरा असर पड़ा है। इस्पात मंत्रालय के पास उपलब्ध विवरण के अनुसार, अप्रैल से जून तिमाही के दौरान निर्यात में सालाना आधार पर 39 प्रतिशत की गिरावट हुई है और गिरावट को देखते हुए डीलरों ने खरीद ऑर्डर कम कर दिए। डीलर के स्तर पर भी रीस्टॉकिंग नहीं हुई है।

लेकिन आर्थिक सुधार के साथ, इस साल और अगले साल स्टील की वैश्विक मांग बढ़ने की उम्मीद है और यह प्रवृत्ति अगले वित्तीय वर्ष में भी जारी रहने की उम्मीद है। कम कार्बन ऊर्जा स्रोतों में संक्रमण के साथ-साथ चीन में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास ने कई विश्लेषकों को इस कमोडिटी के लिए तेजी का दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया है। भारत में केंद्रीय बजट 2022-23 में पूंजीगत खर्च के तहत वर्ष-दर-वर्ष 36% की बढ़ोतरी के साथ 7.5 लाख करोड रू के आवंटन के कारण इस्पात उत्पादन में वृद्धि हो रही है। बजट में सात इंजनों (सड़कों, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक इन्फ्रा) के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया गया है। स्पेशलिटी स्टील के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) स्कीम और जल जीवन मिशन की मंजूरी से भी भारत में घरेलू स्टील की खपत में बढ़ोतरी होगी ।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।